# होलीः जिले में 1080 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** जिले में होली और रमजान को लेकर पुलिस ने पूरी तैयारी की हैं। जिले में 1080 स्थानों पर होलिका दहन होगा। शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए नोएडा पुलिस ने पूरे जिले में विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। जिले को 10 जोन और 26 सेक्टर में बांटा गया है। हर सेक्टर में पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है, ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।



अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि होलिका दहन और होली के दिन लगने वाले मेलों में भीड़ को देखते हुए सभी प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। संवेदनशील और हॉटस्पॉट माने गए 45 स्थानों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस और पीएसी बल लगाया गया है। इसके अलावा 26 मोबाइल क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) और 4 प्लाटून पीएसी भी तैनात की गई हैं, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेंगी।अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था डॉ. राजीव नारायण मिश्र नोएडा और सेंट्रल नोएडा जोन की निगरानी करेंगे, जबकि अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार ग्रेटर नोएडा जोन की व्यवस्था देखेंगे। अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी अलग-अलग जोन में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस ने त्योहार से पहले आरडब्ल्यूए, ग्राम सुरक्षा समिति, धर्मगुरुओं और पीस कमेटी के सदस्यों के साथ 165 से अधिक बैठकें की हैं। इन बैठकों में लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने साफ किया है कि यदि कोई असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगीः** सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरों, बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस), सर्विलांस टीम और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग का सहारा लिया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को पहले से चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। होली के दिन शराब पीकर वाहन चलाने वालों और हुड़दंग करने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। पुलिस ब्रेथ एनालाइजर से जांच करेगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार निगरानी की जाएगी।जरूरत पड़ने पर ड्रोन से भी भीड़ वाले इलाकों पर नजर रखी जाएगी। पीआरवी और पीसीआर गश्त करेंगी सभी थाना मोबाइल, पीसीआर, पीआरवी और यातायात पुलिस की गाड़ियां लगातार क्षेत्र में गश्त करती रहेंगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि होली और रमजान का पर्व सकुशल संपन्न हो सके। होली के दिन जिले में धारा 163 प्रभावी रहेगी।

# मिक्सर प्लांट के कार चालक की धरदार हथियार से वारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के सेक्टर-135 स्थित डूब क्षेत्र में शनिवार देर रात एक मिक्सर प्लांट के कार चालक की हत्या कर दी गई। पुलिस को मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। शरीर के अन्य हिस्सों पर जख्म है। आशंका है कि किसी धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की गई है। एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान बदायूं निवासी 45 वर्षीय राकेश यादव के रूप में हुई है। वह नोएडा में मिक्सर प्लांट में गाड़ी चलाने का काम करता था और वाजिदपुर गांव के पास एक प्लांट में पत्नी के साथ रहता था।

राकेश तीन साल पहले बदायूं से नोएडा काम की तलाश में आया था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं, जो गांव में ही रहते हैं। शनिवार को उसकी पत्नी मायके चली गई थी। रात के समय वह अकेला था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले राकेश के भांजे को फोन कर घटना की जानकारी दी। जब काफी देर तक राकेश का फोन नहीं उठा तो भांजा उसके कमरे पर पहुंचा। वहां का नजारा देखकर वह घबरा गया और तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण की पुष्टि होगी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। पुलिस की चार टीमें गठित पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी है, लेकिन दो लोगों पर हत्या का शक जताया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मोबाइल कॉल डिटेल भी जांची जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**रंजिश समेत अन्य पहलू पर जांचः** स्थानीय लोगों के अनुसार जिस जगह पर शव मिला वह सुनसान इलाका है। रात में वहां ज्यादा आवाजाही नहीं होती। इसी का फायदा उठाकर हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस रंजिश सहित अन्य पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। वहीं, घटना के बाद मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पहले भी आ चुके मामले नोएडा में इससे पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। कुछ साल पहले सेक्टर-63 क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर शव खाली प्लॉट में फेंक दिया गया था। वहीं, सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में भी एक व्यक्ति की आपसी विवाद में हत्या कर दी गई थी।

# पुनर्वासन केंद्र अगले माह तक बनकर तैयार होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 10 हेक्टेयर में स्थायी पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र का काम मार्च अंत या अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक तक पूरा हो जाएगा। यहां पर कई कमरों, शेड और निर्माण से जुड़ा अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के एक अधिकारी ने बताया कि यमुना सिटी के सेक्टर-17 में राजपुर गांव के पास जू ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की मंजूरी मिली। इसके बाद जुलाई 2025 में पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र का काम शुरू किया गया।



पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र का काम अगले माह तक पूरा हो जाएगा। शर्तों के आधार पर चयनित कंपनी से निर्माण कराया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के वन्य जीवों को संरक्षण किया जा सके।
– शैलेंद्र भाटिया, एसीईओ यीडा

यह केंद्र कुल 10 हेक्टेयर जमीन पर विकसित हो रहा है। इसमें पांच हेक्टेयर भूमि यमुना प्राधिकरण और शेष पांच हेक्टेयर वन विभाग की है। प्राधिकरण अपने हिस्से की पांच हेक्टेयर भूमि पर पक्का निर्माण करा रहा है। यहां वन्य जीवों के लिए खास सुविधाएं विकसित हो रही हैं। इनमें पशुओं के इलाज के लिए मेडिकल सेंटर, कमरे, शेड आदि हैं। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां डॉक्टर की टीम तैनात की जाएगी। इसके लिए भी इंतजाम होंगे। वन विभाग की शेष जमीन को ग्रीन श्रेणी में रखा है। इसमें वन्य जीवों के लिए बाड़े इत्यादि विकसित होंगे। केंद्र के प्रबंधन को लेकर वन विभाग का सहयोग लिया जाएगा। वन्य जीवों के रेस्क्यू में वन विभाग भूमिका निभाएंगा। यहां अगले माह तक वन्य जीवों का रखरखाव शुरू हो जाएगा।

**जेवर में 258 काले हिरण और 176 सारसः** वन्य जीव संस्थान देहरादून से जेवर में एयरपोर्ट के पास क्षेत्र में अध्ययन करवाया गया था। अध्ययन के तहत एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर क्षेत्र में आने वाले जीव जंतु के संरक्षण पर रिपोर्ट मांगी गई थी। क्षेत्र के वन्य जीवों के संरक्षण की योजना और उनकी संख्या को भी जाना गया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि जेवर में 258 काले हिरण और 176 सारस हैं। एयरपोर्ट के निर्माण के चलते इनका पारिस्थितिकी तंत्र बिगड़ेगा। इसके चलते इनके संरक्षण की जरूरत है।

**पहले वन विभाग को मिली थी जिम्मेदारीः** पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र को बनाने के लिए पहले वन विभाग को जिम्मेदारी मिली थी, लेकिन अब इसे यीडा स्वयं बना रहा है। वन विभाग ने केंद्र को बनाने के लिए करीब आठ करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया था, हालांकि अब उद्यान विभाग इसे 3.41 करोड़ में तैयार कर रहा है। दावा है कि केंद्र में अप्रैल 2026 तक वन्य जीवों के ठहरने से लेकर इलाज तक की सुविधा विक. सित कर ली जाएगी।

# फ्लैट में 32 साल की स्वाति दुबे ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र में लिव इन में रह रही एक युवती ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस का कहना है कि युवती के परिजनों की ओर से कोई शिकायती पत्र नहीं दिया है। अगर शिकायत आती है तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक, शनिवार को पीआरवी कंट्रोल रूम से सूचना मिली। बताया गया कि एमनाबाद स्थित गार्डन सिटी रोज सोसायटी के फ्लैट में करीब 32 वर्षीय एक युवती ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी है। घटना की जानक. ारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना स्थल की जांच की। निरीक्षण के दौरान मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। युवती की पहचान स्व्वाति दुबे के रूप में हुई है। यह घटना शनिवार की है। थाना बिसरख पर पीआरवी कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गार्डन सिटी रोज सोसाइटी, एमनाबाद में स्वाति दुबे (32) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**अलग कमरे में सोया था लिव इन पार्टनरः** वहीं, लिव-इन में रहने वाले दिल्ली के युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। युवक ने बताया कि दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं। दोनों लगभग 5 सालों से लिव-इन में रह रहे थे। इसकी जानकारी दोनों के घर वालों को भी थी। रात में दोनों अलग-अलग कमरे में सोए थे। सुबह उठने पर उसने देखा कि युवती का शव फंदे से लटका हुआ है। युवक ने बताया कि उसे नहीं पता आत्महत्या के पीछे का कारण क्ष्या है।

## एक नजर

### 18 साल के लड़के ने पिता की पिस्टल से खुद को मारी गोली, मौत

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र के धूममानिकपुर गांव में 18 साल के लड़के ने अपने घर में पिता की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि गत शनिवार को बादलपुर थाना को सूचना मिली कि देवकरण पुत्र परवेंदर रावल (उम्र 18 वर्ष), निवासी धूममानिकपुर ने अपने घर में अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली है। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवक द्वारा यह कदम उठाने के पीछे क्या कारण रहे, इसकी जांच सभी पहलुओं से की जा रही है। परिवार और ग्रामीणों में घटना के बाद शोक का माहौल है।

### दस मार्च तक पशुओं को लगेगा खुरपका-मुंहपका टीका

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** एक माह से चल रहा खुरपका-मुंहपका टीका लगाने का अभियान दस मार्च तक चलेगा। जिले के करीब ढाई लाख से अधिक पशुओं को टीका लगाया जाना है। हालांकि अभी तक केवल तीस फीसदी पशुओं का ही टीकाकरण हो पाया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि 15 फरवरी से जिले में करीब ढाई लाख पशुओं के टीकाकरण का अभियान शुरू किया गया था। पहले चरण में सभी गोशालाओं में गोवंश के टीकाकरण किया गया। उसके बाद डेरी समेत समूह में पशुओं का पालने वाले किसानों के घर जाकर टीकाकरण किया गया। टीकाकरण करने में पशुपालन विभाग के करीब 150 से अधिक कर्मचारी लगे हुए है। अब तक तीस फीसदी पशुओं के टीका लगाया जा चुका है। आगामी 10 मार्च तक टीकाकरण का काम पूरा कर लिया जाएगा।

### घर के बाहर फायरिंग के आरोपियों का नहीं लगा सुराग

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सलेमपुर गुर्जर गांव में दिनदहाड़े एक घर के बाहर फायरिंग के मामले में फरार आरोपियों का अबतक पता नहीं चल सका है। गांव निवासी पीड़ित बाबूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार अपने घर के सामने घर का काम करवा रहे थे। उनका बेटा अभिषेक और पत्नी मुनेश बरामदे में मौजूद थे। इसी दौरान एक स्कूटी और एक बाइक पर सवार चार युवक अचानक घर के बाहर आकर रुके और फायरिंग शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं। पीड़ित ने जिन लोगों पर आरोप लगाया है उनमें बुलंदशहर ओमव. ीर और उसके साले अनिल और सुनील, अमित, तेजी और सुच्चा शामिल हैं। पीड़ित के मुताबिक पूर्व में उनके बेटे और आरोपी पक्ष के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। वहीं कोतवाली पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में अधिकारी नियुक्त हुए मोनू कुमार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-110 स्थित नोएडा एजुकेशनल एकेडमी के खेल प्रशिक्षक व शिक्षक मोनू कुमार का चयन विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2026 के लिए क्लासीफिकेशन ऑफिसर के रूप में किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 8 से 13 मार्च तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगी, जिसमें भारत सहित 14 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन जो पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया से संबद्ध है ने आधिकारिक पत्र जारी कर स्कूल प्रशासन से मोनू कुमार को प्रतियोगिता अवधि के दौरान कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया है। मोनू कुमार एनआईएस एथलेटिक्स क्वालिफाइड हैं, सीबीएसई नेशनल में 400 मीटर के रिकॉर्ड होल्डर रह चुके हैं और वर्तमान में पैरा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। मोनू कुमार ने बताया कि क्लासीफिकेशन ऑफिसर का मुख्य दायित्व खिलाड़ियों की दिव्यांगता की श्रेणी का वैज्ञानिक मूल्यांकन करना होता है, ताकि उन्हें निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि मैं पूरी निष्ठा से जिम्मेदारी निभाऊंगा।

# सेक्टर-135 के डूब क्षेत्र में लाश मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक्सप्रेस-वे थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-135 के डूब क्षेत्र में रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना डायल-112 के माध्यम से पुलिस को मिली, जिसके बाद स्थानीय थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मौके पर पहुंची पुलिस और निरीक्षण टीम द्वारा जांच कार्रवाई की गई।

रविवार को पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान राकेश (45), निवासी जरीफ नगर, जनपद बदायूं के रूप में हुई है। वह पेशे से ड्राइवर था। प्रारंभिक जांच के दौरान घटनास्थल को सुरक्षित कर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य एकत्र कर बारीकी से निरीक्षण किया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। दुर्घटना, आत्महत्या या अन्य कारणों ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है।

## पांच दिन के लिए धारा 163 लागू

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट त्योहार की वजह से धारा 163 जनपद में 2 मार्च से 6 मार्च तक लागू कर दिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

धारा 163 लागू रहने के दौरान बिना अनुमति के पांच या उससे अधिक लोगों का एकत्र होना, जुलूस निकालना, धरना-प्रदर्शन करना या किसी प्रकार का सामूहिक कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण देना, सोशल मीडिया पर अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट फैलाना, हथियार लेकर सार्वजनिक स्थानों पर घूमना, डीजे या तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों का बिना अनुमति उपयोग करना भी नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

# सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शनिवार रात एक सड़क हादसे में सगे भाई-बहन की मौत हो गई। जारचा थाना क्षेत्र के अल्ट्राटेक चौकी इलाके में एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चालक वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया। मृतक नवीन (35) और प्रियांशी (18) पावली गांव के निवासी थे। वे दादरी से अपनी मोटरसाइकिल पर गांव लौट रहे थे। जारचा रोड पर पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक कई मीटर दूर जा गिरी और दोनों भाई-बहन की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।




राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। चालक घटनास्थल से फरार हो गया था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया।

जारचा थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मार्ग पर लगे अन्य कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

हादसे की खबर फैलते ही क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ता और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मार्ग पर बड़े वाहनों के कारण पहले भी कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। आक्रोशित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर यातायात सामान्य कराया।

# निजी अस्पतालों में हर महीने 10 से 12 किशोरियां लगवाती हैं एचपीवी वैक्सीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत सरकार की ओर से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन का निशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया है लेकिन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जंग पहले से ही जारी थी। निजी अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन लगाई जाती थी।



निजी अस्पतालों की रिपोर्ट के मुताबिक, हर महीने 10 से 12 किशो. रियां एचपीवी वैक्सीन लगवाने पहुंचती हैं और इनकी उम्र 9 से 14 साल के बीच होती है। बतादें कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14 साल की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। मेदांता हॉस्पिटल की गाइनेकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. प्रिया बंसल ने बताया कि ओपीडी में इलाज के लिए आने वाली महिलाओं में करीब 60 फीसदी महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग करवाने आती हैं। इन महिलाओं की उम्र 21 से 65 वर्ष के बीच होती है। वहीं, हर महीने लगभग 2 से 3 महिलाएं सर्वाइकल कैंसर पॉजिटिव भी आती हैं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए हर महीने लगभग 10 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। डॉ. प्रिया के मुताबिक सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन 9 से 14 वर्ष की किशोरियों के लिए सबसे उपयुक्त है। इस उम्र में 2 डोज दी जाती हैं, जिनमें पहली डोज के बाद दूसरी डोज 6 से 12 महीने के बीच लगती है। 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र में 3 डोज (0, 2 और 6 महीने) में दी जाती हैं, इससे सर्वाइकल कैंसर का जोखिम कम होता है।

**निजी अस्पताल स्वास्थ्य विभाग को नहीं देते डाटाः** एसीएमओ व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आरके सिरोहा ने बताया कि निजी अस्पताल में एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के पास इसका डाटा उपलब्ध नहीं रहता है, क्योंकि निजी अस्पताल यू-विन पोर्टल पर इसका डाटा अपलोड नहीं करते हैं। यू-विन पोर्टल का इस्तेमाल सिर्फ बच्चों के टीकाकरण के लिए हो रहा है। इससे स्वास्थ्य विभाग को भी समस्या होती है क्योंकि हमें एचपीवी के अलावा अन्य टीकों का भी डाटा नहीं मिल पाता है।

# आभूषण बनाने वाली कंपनी का सोना लेकर दो कर्मचारी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-दो थाना क्षेत्र के एनएसईजेड में स्वर्ण के आभूषण बनाकर विदेश निर्यात करने वाली कंपनी का सोना गायब हो गया। कंपनी प्रबंधक ने दो कर्मचारियों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हरियाणा के जिला जींद निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि वह एनएसईजेड गोल्ड क्राफ्ट इंटरनेशनल कंपनी में प्रबंधक के पद पर काम करते हैं। कंपनी में स्वर्ण के आभूषण बनाकर विदेशों में निर्यात किए जाते हैं। कंपनी में पश्चिम बंगाल के जिला हावड़ा निवासी अबीर मलिक और मकसूद अली आभूषण बनाने का काम करते थे। दोनों लोग 25 फरवरी को कंपनी परिसर में कार्य कर रहे थे।

उसी दिन लगभग सात बजे कर्मचारी मकसूद अली और अबीर रोजा खोलने के लिए फल लाने को कंपनी से बाहर गए। दोनों कर्मचारी कुछ ही देर में वापस आने की बात कहकर गए थे। उस समय दोनों के पास 57.11 ग्राम सोना शेष था। आरोप है कि उसके बाद दोनों कर्मचारी वापस नहीं लौटे। कंपनी की ओर से दोनों कर्मचारियों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। आरो. पियों के अस्थायी निवास पर जाकर देखा, लेकिन वहां भी दोनों गायब थे।

पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी है।

# होली पर अस्पतालों में 24 घंटे मुस्तैद रहेंगे चिकित्सक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** होली पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। जिले के सभी सरक. ारी अस्पतालों में 24 घंटे चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके। विशेष रूप से सड़क हाद. सों, झगड़े-फसाद और अन्य अप्रिय घटनाओं की आशंका को देखते हुए विशेषज्ञ डॉक्टर ऑन कॉल मौजूद रहेंगे। जनपद के एमएमजी, संयुक्त जिला अस्पताल, 50 बेड अस्पताल लोनी, डूंडाहेड़ा अस्पताल और सभी साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे डॉक्टर तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएमओ ने सभी केंद्रो को दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था रखने को कहा है। ताकि आकस्मिक सेवा में किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। त्योहार के दौरान एंबुलेंस सेवाओं को भी सक्रिय रखा जाएगा। रक्त बैंक और दवा काउंटर पर भी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डा. राकेश कुमार का कहना है कि डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी का विस्तृत रोस्टर तैयार कर लिया गया है।

# कागजों पर चमकता क्लब धरातल पर सुविधाओं का अकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-50 में नोएडा प्राधिकरण की ओर से बनाए गए सांस्कृतिक क्लब के उद्घाटन को 12 महीने बीत गए लेकिन अभी भी सुविधाएं अधूरी हैं। इसको लेकर निवा. सियों में नाराजगी बनी हुई है। वहीं नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत भी की गई है।

सेक्टर-50 निवासी नोफा अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि करीब सालभर पहले 4.5 एकड़ की जमीन पर इस क्लब को विकसित किया गया था। करोड़ों की लागत से बनकर तैयार क्लब में सुविधाएं आज भी अधूरी हैं। सबसे जरूरी यहां अभी तक निवासियों के लिए मेंबरशिप तक शुरू नहीं की गई है। सालभर कोई हलचल न होने के चलते फर्नीचर, दीवारें खराब होने लगी हैं, लेकिन इसकी शुरुआत की आस अभी भी बनी हुई है। उनका कहना है कि इसी फरवरी से कार्यक्रमों की बु. कंग तो शुरू हो गई है, कुछ आयोजन भी हुए लेकिन अभी तक मेंबरशिप प्रक्रिया शुरू न होने से सेक्टर के निवासी नाराज हैं।

जबकि उद्घाटन के दौरान आश्वस्त किया गया था कि हफ्तेभर में प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस मामले को लेकर आइजीईआरएस के माध्यम से शिकायत की गई। निवासियों का कहना है कि करोड़ों खर्च करने के बाद 10 हजार से ज्यादा लोगों को लाभ मिलना चाहिए। राजीव सिंह के अनुसार, पहली मंजिल पर ऑफिस, एक्टिविटी रूम, बार एरिया सहित अन्य सुविधाएं मिलनी हैं। इसके अलावा बच्चों और बुजुर्गों के लिए खेल व मनोरंजन से जुड़ी कई सुविधाएं मिलनी हैं। हालांकि हॉल बुकिंग फिलहाल शुरू हो गई है लेकिन अभी तक मेंबरशिप सुविधा शुरू नहीं हुई है।

# वीवो कंपनी के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

## स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने पर किसान एकता संघ ने दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रामपुर खादर गांव में रविवार को किसान एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। हरिसिंह प्रधान के आवास पर हुई इस बैठक की अध्यक्षता राजवीर सिंह ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष पप्पे नागर नें किया। बैठक में क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई।



संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण क्षेत्र के गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है और स्ट्रीट लाइटों की हालत भी खराब है। शर्मा ने विशेष रूप से वीवो कंपनी पर स्थानीय युवाओं को श्लोकलश बताकर रोजगार न देने का आरोप लगाया, जिससे क्षेत्र के शिक्षित युवाओं में भारी नाराजगी है। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार नहीं दिया गया, तो संगठन जल्द ही बड़े आंदोलन की घोषणा करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि रोजगार का अधिकार स्थानीय लोगों का है और इसके लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष किया जाएगा।

इस दौरान संगठन का विस्तार भी किया गया। सर्वसम्मति से मोर्. हत भाटी को जिला सचिव नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में राष्ट्रीय चौधरी सोरन प्रधान, कृष्ण बैसला, पंडित प्रमोद शर्मा, पप्पे नागर, विक्रम नागर, उम्मेद एडवोकेट, शिवम शर्मा, महेंद्र कसाना, जोरा भाटी, जेपी नागर, आसिफ उस्मानपुर, राकेश सैनी, दीपु सैनी, गंगाराम, अनिल नागर, फैजान अली, गुलहसन सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

